श्री महेन्द्र कुमार, सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–11.02.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे मोईनुलहक स्टेडियम के ससमय निर्माण कार्य की समीक्षा पर सम्पन्न बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग।
2. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
3. श्री राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग।
4. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
5. श्रीमती नूपुर झा, उप निदेशक, खेल विभाग।
6. श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा), खेल विभाग।
7. श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, (प्रशासन) बी0सी0ए0, पटना।
8. श्री सोमेश्वर राव, प्रबंधक, साई प्रशिक्षण केन्द्र, पटना।

कार्यवाही

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

(1) श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, बी0सी0ए0 द्वारा बताया गया कि एकरारनामा किया जा चुका है। 10 दिनों के अंदर कार्य शुरू किया जायेगा। श्री सिंह द्वारा निम्न समस्याओं से भवदीय को अवगत कराया गया।

I. मोईनुलहक स्टेडियम के परिसर में मेट्रो के निर्माण संबंधित सामग्री परिसर में रखे जाने के कारण कार्य शुरू करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

II. मोईनुलहक स्टेडियम के परिसर में थाना को अन्यत्र हस्तांतरण करने के संबंध में अनुरोध।

III. मोईनुलहक स्टेडियम के परिसर के आस–पास अतिक्रमण हटाने हेतु अनुरोध।

12-2-26

उपर्युक्त समस्याओं के समाधान के संबंध में सचिव द्वारा श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक को निदेश दिया गया कि मोईनुलहक स्टेडियम के निर्माण के संबंध में सरकार द्वारा अनुमति दी गई है। उक्त के आलोक में अपने स्तर से जिला पदाधिकारी, पटना, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना एवं महाप्रबंधक, मेट्रो से कार्य प्रारंभ करने की सूचना देते हुए समस्याओं के संबंध में स्वयं मिलकर कार्य अविलम्ब शुरू करने का निदेश दिया गया।

(2) साई प्रशिक्षण केन्द्र, पटना को अन्यत्र हस्तांतरण

प्रबंधक, साई, प्रशिक्षण केन्द्र, पटना को राज्य खेल अकादमी, राजगीर में तत्काल शीघ्र हस्तांतरित करने तथा इस संबंध में भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली को भी पुनः पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

इस संबंध में अगली बैठक **दिनांक 25.02.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे** में आहूत की जायेगी। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) के प्रतिनिधि उक्त बैठक में सभी वांछित प्रतिवेदन/अभिलेख के साथ ससमय उपस्थित रहेंगे।

धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

12/2/2026

(महेन्द्र कुमार)
सचिव।

ज्ञापांक – 1/स्था०–05–06/2024.673./ पटना, दिनांक–.13...2./2025

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग /संयुक्त सचिव, खेल विभाग/विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग/अवर सचिव, खेल विभाग (प्रभारी प्रशाखा–05)/श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन/सोमेश्वर राव, प्रभारी, साई, पटना/ आई0 टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12.2.26

12/2/2026
सचिव।